Navbharat Times (24.08.2016)

सामूहिक रूप से स्टूडेंट्स ने गाया राष्ट्रगान

स्टूडेंट्स में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की ओर से मनाया जा रहा आजादी पखवाड़ा 'आजादी-70-याद करो कुर्बानी' सामूहिक राष्ट्रगान के साथ संपन्न हो गया। यूनिवर्सिटी के सभी स्टूडेंट और कर्मचारी लाल चौक पर सबह 11 बजे इकट्ठा हुए और सामूहिक राष्ट्रगान में हिस्सा लिया। इस मौके पर वाइस चांसलर प्रो.दिनेश कुमार मौजूद थे।

Amar Ujala (24.08.2016)

तीन लाख विद्यार्थियों ने गाया जन-गण-मन

आजादी पखवाड़े के अंतिम दिन जिले के कई स्थानों पर सुनाई दिए राष्ट्रगान के स्वर

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। 'जरा याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिले के सभी कॉलेज, सरकारी व गैर सरकारी स्कूल और विश्वविद्यालय में एक साथ राष्ट्रगान के स्वर सुनाई दिए। करीब तीन लाख विद्यार्थियों ने अलग-अलग जगहों पर सामूहिक राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आजादी के दौरान शहीद हुए वीरों और क्रांतिकारियों की जानकारी देने के साथ-साथ उनमें देशभक्ति भावना को प्रबल करना रहा। इस संदर्भ में सोमवार शाम को ही शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए थे।

ऊंचा गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के तहत परिसर में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एकत्रित हुए। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य साधना चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। वहीं, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान रामवीर शर्मा ने कहा कि आजादी के 70 साल पूरे हो चुके हैं, इसलिए युवा वर्ग को आजादी के सही मायनों को समझने की जरूरत है। अब देश के लिए जीने की जरूरत है। इस मौके पर रूपचंद, राजपाल, युधिष्ठिर, सविता मंगला, प्रदीप और शौराब खान सहित बड़ी संख्या में अध्यापक मौजूद रहे। इसी तरह वाईएमसीए प्रौद्योगिक एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी और कर्मचारी लाल चौक पर सुबह 11 बजे एकत्र हुए और समूह राष्ट्रगान में हिस्सा लिया।

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में राष्ट्रगान गाते छात्र और प्रोफेसर।

सामूहिक राष्ट्रगान गाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

छात्रों से स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेने का आह्वान

इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने देश की आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया तथा विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। एनआईटी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में एनएसएस अधिकारी सुशील कण्व की अगुवाई में विद्यार्थियों ने शहीदों को याद किया।

वहीं, अग्रवाल कॉलेज में आजादी पखवाड़े के समापन समारोह के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह डा. देवप्रसाद भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने भारत को आजाद कराने में लाखों देशभक्तों ने अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश बताते हुए कहा कि भारत के सनातन धर्म और संस्कृति को विश्व की महानतम संस्कृति है। कॉलेज प्राचार्य डा. कृष्णकांत ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।